उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. : 304/2021 दिनांक/Date : 11/07/2021

संवाद–130

विषय :– वन दरोगा लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के सम्बन्ध में।

आयोग द्वारा पूर्व में यह सूचित किया जा चुका है कि वन दरोगा, पदकोड–679/724/22/2019 की ऑनलाइन लिखित परीक्षा दिनांक 16 जुलाई, से 25 जुलाई, 2021 के मध्य आयोजित होगी। यह परीक्षा जिला रुद्रप्रयाग, टिहरी एवं उधमसिंहनगर के अतिरिक्त प्रदेश के सभी जिलों में कुल 18 पालियों में आयोजित की जा रही है। इन जिलों में परीक्षा केन्द्र का चयन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए निकट स्थित स्थान/जिले में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया गया है। परीक्षा कम्प्यूटर तथा टैबलेट दोनों पर आयोजित की जा रही है। उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली व बागेश्वर जनपदों में टैबलेट पर भी परीक्षायें आयोजित होंगी।

जो अभ्यर्थी प्रथम बार ऑनलाइन परीक्षायें दे रहे हैं वे आयोग की वैबसाईट में जाकर http://uksssccbt.onlineapplicationform लिंक पर जाकर उपलब्ध ऑनलाइन ट्रेनिंग मॉड्यूल से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर ऑनलाइन परीक्षा की प्रक्रिया को समझ सकते हैं। कम्प्यूटर व टैबलेट दोनों पर समान प्रक्रिया से परीक्षायें होंगी।

इस परीक्षा के सभी 83777 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आज दिनांक 11 जुलाई, 2021 से आयोग की वैबसाईट पर उपलब्ध हो जायेंगे। अभ्यर्थी उनका प्रिंट लेकर अपनी यात्राओं की भी योजना बना लें। राज्य के बाहर से जो अभ्यर्थी यात्रा कर रहे हैं वे कोविड गाइडलाइन्स को देखकर व तैयारी के साथ आयें। परीक्षा केन्द्र पर भी कोविड नियमों के पूर्ण पालन की अनिवार्यता है।

11/7/21

(संतोष बडोनी)
सचिव